# ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश : निर्मला

## वित्तमंत्री सीतारमण बोलीं—राजकोषीय अनुशासन का असर दिखा



**नई दिल्ली, 07 निर्मला सीतारमण ने भारत की मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि देश की मजबूत राजकोषीय स्थिति और उच्च विदेशी मुद्रा भंडार ने भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत फैसलों में अधिक लचीलापन प्रदान किया है.**

उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में अपनाए गए राजकोषीय अनुशासन के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं. राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अब पूंजीगत व्यय को बनाए रखने, जरूरतमंद क्षेत्रों को लक्षित सहायता देने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने की स्थिति में है. साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि मजबूत आर्थिक आधार के चलते आरबीआई के पास ब्याज दरों में कटौती जैसे कदम उठाने की भी गुंजाइश बन सकती है.यह बयान ऐसे समय में आया है जब आरबीआई अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करने वाला है. वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती महंगाई और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच यह बयान आर्थिक दिशा को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इसके साथ ही, देश का विदेशी मुद्रा भंडार इतना मजबूत है कि वह लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करता है. हालांकि, वित्त मंत्री ने वैश्विक परिस्थितियों को लेकर चिंता भी जताई. उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को एक 'प्रणालीगत झटका' बताते हुए कहा कि इससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है. कच्चे तेल की कीमतों में संभावित वृद्धि और मुद्रा पर दबाव से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है.

> सरकार के कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे निर्णयों से उपभोक्ताओं को राहत दी गई है. साथ ही, सरकार ने अपने उधारी कार्यक्रम को घटाकर 17.2 लाख करोड़ रुपये से 16.09 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जिससे बैंकिंग प्रणाली में लिक्विडिटी बढ़ेगी और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा. इस प्रकार, मजबूत आर्थिक आधार और संतुलित नीतियों के जरिए भारत वैश्विक चुनौतियों के बीच भी स्थिरता बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

## अमूल-सारस्वत बैंक ने छुआ 1 लाख करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल.** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दो प्रमुख सहकारी संस्थाओं सारस्वत सहकारी बैंक और अमूल तथा उनमें कार्यकर रहे लोगों को वर्ष 2025-26 में वार्षिक एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का आंकड़ा पार करने के लिए बधाई दी है. श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कहा कि सारस्वत सहकारी बैंक और अमूल द्वारा वर्ष 2025-26 में एक लाख करोड़ रुपये के वार्षिक टर्नओवर का आंकड़ा पार करना, सहकारिता की शक्ति और उसकी अपार संभावनाओं का जीवंत उदाहरण है. यह उपलब्धि न केवल सहकारी बैंकिंग और डेयरी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है, बल्कि इससे आत्मनिर्भर भारत की निर्माण यात्रा को भी नई ऊर्जा मिलने वाली है.

# गोल्ड-सिल्वर में गिरावट, निवेशकों को मौका

**1,400 रुपए नीचे आया सोना**

**2600 रुपए सस्ती हुई चांदी**



**नई दिल्ली, 7 अप्रैल. भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों और खरीदारों को राहत मिली है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा दरों के अनुसार, 24 कैरेट सोने के भाव में 1400 रुपये से अधिक की गिरावट आई है, जबकि चांदी भी 2600 रुपये से ज्यादा सस्ती हुई है.**

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 999 शुद्धता वाला सोना घटकर 1,47,489 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. वहीं, चांदी की कीमत गिरकर 2,31,435 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संकेतों और मांग में बदलाव के चलते कीमती धातुओं में यह गिरावट देखने को मिल रही है. सोने-चांदी की कीमतों में आई इस कमी को शादी-विवाह और निवेश के लिहाज से अच्छा अवसर माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब कीमतें हाल ही में ऊंचे स्तर पर थीं. सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख देखने को मिला. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, लगभग सभी शुद्धता के सोने के भाव में कमी दर्ज की गई है, जबकि चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट आई है.

> ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट (999 शुद्धता) सोना 1,410 रुपये सस्ता होकर 1,47,489 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इसी तरह 23 कैरेट सोना 1,405 रुपये गिरकर 1,46,898 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. 22 कैरेट सोने में 1,291 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद इसका भाव 1,35,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसके अलावा, 18 कैरेट सोना 1,057 रुपये सस्ता होकर 1,10,617 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि 14 कैरेट सोना 825 रुपये गिरकर 86,281 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया.

# देश का कपड़ा बाजार 15 साल में हुआ तीन गुना




**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. देश का कपड़ा बाजार पिछले 15 साल में तीन गुना होकर लगभग 15 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है.**

कपड़ा मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी घरेलू वस्त्र मांग पर कपड़ा एवं वस्त्र बाजार पर राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण 2024 के अनुसार, पिछले 15 साल में कपड़ों की घरेलू मांग में मजबूत वृद्धि हुई है और इसका बाजार 2010 के 4.89 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 14.95 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. इस प्रकार इसमें औसतन 8.3 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गयी है. मंत्रालय के अंतर्गत टेक्सटाइल्स कमेटी द्वारा किए गए अध्ययन पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार, कुल बाजार आकार में घरेलू क्षेत्र का योगदान 2010 में 4.18 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर साल 2024 में 8.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिसने देश में कपड़ों की मांग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि पिछले 15 साल में पुरुषों की जींस और महिलाओं के लेगिंग्स की मांग सबसे तेजी से बढ़ी है.

साथ ही एक गौर करने वाली बात यह है कि तकनीकी वस्त्रों की इस्तेमाल शहरों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में अधिक होता है. केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज यह रिपोर्ट जारी की.

> कपास ने दूसरे सबसे महत्वपूर्ण रेशे के रूप में अपनी स्थिति बनाये रखी है. मूल्य के आधार पर इसकी मांग 0.87 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3.53 लाख करोड़ रुपये हो गयी. इसकी वृद्धि दर दहाई अंक में 10.53 प्रतिशत रही. इसी अवधि में रेशम और ऊनी उत्पादों की मांग क्रमशः 8.93 प्रतिशत और 7.02 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ी. अध्ययन में पता चला है कि महिलाओं ने कुल वस्त्र खरीद में 55.5 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि पुरुषों का योगदान 44.5 प्रतिशत रहा.

# शेयर बाजारों में तेजी आई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा



**मुंबई, 07 अप्रैल. घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया. शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आयी. सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया. मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ. वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया. आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला. धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही. वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे.

# नैनो उर्वरक से कृषि में नई क्रांति : संधाणी

**इफ्को का बड़ा कीर्तिमान, 4100 करोड़ का लाभ दर्ज**

**संस्था किसानों की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है.**



**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. इफ्को के अध्यक्ष दिलीप संधाणी ने कहा की, भारतीय सहकारिता आंदोलन के इतिहास में वित्तीय वर्ष 2025 -26 एक मिल का पत्थर बनाकर उभरा है. 1967 में मात्र 57 सहकारी समित्तियों के साथ शुरू हुई इफ्को की यात्रा आज 36,000 से अधिक समितियों और करोडो किसानो के विश्वास की पहचान बन चुकी है.**

विश्व स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी सहकारी संस्था के रूप में स्थापित होना केवल एक उपलब्धी नहीं, बल्कि भारत की सहकारिता शक्ति का जीवंत प्रमाण है. इस स्वर्णिम वर्ष में इफ्को ने रु. 4,106 करोड़ से अधिक का सर्वकालिक रिकॉर्ड लाभ अर्जित किया. यह उपलब्धी केवल आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि उन किसानो की मेहनत, कर्मचारीयों के समर्पण और सहकारिता के मूल्यों की विजय गाथा है. उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में भी इफ्को ने नए कीर्तिमान स्थापित किए.

## मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल.** पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है. इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था.


**भारतीय खाद्य निगम**

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/15/कंटेनर मूवमेंट/एनआईटी/2026/01 एवं दिनांक: 08.04.2026
क्र. एसएंडसी/13/15/कंटेनर मूवमेंट/एनआईटी/2026/02

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में एक वर्ष की अवधि के लिए प्रति मीट्रिक टन के आधार पर एफसीआई के निर्दिष्ट प्रेषण डिपो से नामित प्राप्ति डिपो तक डोर-टू-डोर डिलीवरी के आधार पर कंटेनरीकृत वैगनों में खाद्यान्न के परिवहन के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)


# एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि नये सीईओ की नियुक्ति तक वह पद पर बने रहेंगे.**

एयर इंडिया बोर्ड ने एक समिति का गठन किया है, जो आने वाले महीनों में उनके उत्तराधिकारी का चयन करेगी.



> विल्सन ने कहा कि पिछले चार साल के उनके कार्यकाल में निजीकरण के बाद एयर इंडिया में चार एयरलाइंस का सफल अधिग्रहण और विलय हुआ. इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र से निजी क्षेत्र की कार्यप्रणाली की ओर बदलाव हुआ है. नेतृत्व टीम, कार्यबल, संस्कृति और काम करने के तरीकों में भी सुधार हुआ है. इसमें सिस्टम का पूर्ण आधुनिकीकरण, नये उत्पादों की शुरुआत, बेहतर सेवा मानकों का लागू होना, और बेड़े में 100 अतिरिक्त विमानों का शामिल होना भी शामिल है.

## दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा. दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया. औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया.


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Residency Road, Near Head Post Office, South Civil Lines, Jabalpur -482001 (M.P.)

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTION 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961

**RC/15/2021** **15-01-2026**

**BANK OF BARODA**
**Versus**
**SHRI KALLU SINGH SINGH**

To
**(CD 1) SHRI KALLU SINGH SINGH SHRI MUNNA LAL SINGH**
Vill Kundiya Nathu, PO-Kajlas, Teh-Javar, Dist- Sehore (M.P.)-466221
Sehore (M.P.)-466221
**(CD2) SHRI SURENDRA SINGH**
Vill Kundiya Nathu, PO-Kajlas, Teh-Javar, Dist- Sehore (M.P.)-466221
Sehore, Madhya Pradesh-0

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** in **OA/1314/2019** an amount of **Rs. 3097372.27 (Rupees Thirty Lakhs Ninety Seven Thousands Three Hundred Seventy Two And Paise Twenty Seven Only)** along with pendentellite and future interest @ 10% Simple Interest Yearly w.e.f. **29/07/2019** till realization and costs of **Rs. 33000 (Rupees Thirty Three Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3.You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4.You are hereby ordered to appear before the undersigned on **23/02/2026 at 10:30 a.m.** for further proceedings.

5.In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **15/01/2026**

Seal

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur


# युद्ध संकट के कारण ठंडा पड़ सकता है एसी का कारोबार

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल.** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण इस साल एयर कंडीशनर (एसी) के कारोबार में सुस्ती देखी जा सकती है. एयर कूलर, एयर कंडीशनर और रेफ्रीजरेटर बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने यहां मंगलवार को कंपनी के विभिन्न उत्पादों को पेश करने के मौके पर संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि निश्चित रूप से ईरान युद्ध का असर एसी के कारोबार पर भी दिख सकता है.

उन्होंने कहा कि इस युद्ध के कारण ग्राहक धारणा प्रभावित हुई है. कच्चे माल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है. तांबे और इस्पात के दाम बढ़े हैं और प्लास्टिक में भी तेजी देखी जा रही है. इन सभी कारकों से आने वाले समय में भारत में भी एसी का कारोबार प्रभावित होगा. कंपनी ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के नये स्टार मानक लागू होने के बाद आज नये मानकों पर अपने 125 उत्पादों को बाजार में पेश किया. श्री त्यागराजन ने बताया कि घरेलू एसी बाजार में अगले पांच साल में 19 प्रतिशत की औसत दर से वृद्धि की संभावना है और साल 2030 तक कारोबार दुगुना होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि आज युद्ध समाप्त हो गया तो सबकुछ ठीक हो जायेगा. दूसरी कॅमोडिटी के दाम बढ़ सकते हैं, बेरोजगारी बढ़ सकती है जिसका असर बाजार पर दिखेगा. विशेष रूप से बिक्री में सबसे ज्यादा योगदान देना वाला मध्यम वर्ग और पहली बार एसी खरीदने वाले ग्राहक प्रभावित हो रहे हैं.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**
**फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 7706387 | संपत्ति के बदले ऋण | 25.03.2026 | 22,90,123.72/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम:** 1. अरुण पाठक 2. ममता पाठक

**संपत्ति का पता:** आवासीय फ्लैट संख्या एम.आई.जी.-202 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 533.26 वर्ग फुट (यानी 49.55 वर्ग मीटर) है, जो प्लॉट संख्या 110, 111, राम कृष्णा अपार्टमेंट, दूसरी मंजिल पर स्थित है, ए-सेक्टर, विजय नगर, न्यापुरा, लालघाटी, भोपाल, नगर निगम, वार्ड संख्या 6, मध्य प्रदेश-462001 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में एम.आई.जी. 203, पश्चिम में एम.आई.जी. 201, उत्तर में सीढ़ी और एम.आई.जी., दक्षिण में खुला स्थान।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांक: 08.04.2026**
**स्थान: मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**


# निम्न मध्यम आय वर्ग के मकानों की मांग में तेज गिरावट

**मुंबई, 07 अप्रैल।** भारतीय आवासीय रियल एस्टेट बाजार में इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही के दौरान निम्न मध्य वर्ग श्रेणी के मकानों की मांग में तेज गिरावट के चलते बाजार की रफ्तार में सुस्ती देखी गयी है, हालांकि मांग के मूल कारक मजबूत बने हुए हैं।

भू-सम्पत्ति बाजार परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की ताजा रिपोर्ट- इंडिया रियल एस्टेट - ऑफिस एंड रेजीडेंसियल (जनवरी-मार्च 2026) में पाया गया है कि इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में 50 लाख रुपये से कम के और 50 लाख से एक करोड़ रुपये के बीच के मकानों की बिक्री में 23 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की तेज गिरावट है तथा इस खंड में खरीदारों को समर्थन दिये जाने की जरूरत है। बिक्री में गिरावट के बावजूद सम्पत्तियों का भाव तेज है। गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के बाजार में कीमतों में वृद्धि ज्यादा दिखी है। मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष की पहली तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री और आपूर्ति के बीच अंतर बढ़कर 10,028 यूनिट हो गया है। बाजार यह संकेत दे रहा है कि 2023 की पहली तिमाही से ही घरों की बिक्री (आपूर्ति को खपाने की गति) की गति थोड़ी धीमी बनी हुई है।

## पुडुचेरी में फिर हारे तो कांग्रेस जिम्मेदार

**पुडुचेरी.** पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं. इसमें कांग्रेस के लिए सबसे आदर्श स्थिति दक्षिणी राज्यों में है. चुनाव से पहले हो रहे सर्वेक्षणों में बताया जा रहा है कि कांग्रेस केरल में चुनाव जीत सकती है. तमिलनाडु में भी डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन वापस सत्ता हासिल कर सकता है. लेकिन केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में मामला उलझा हुआ है. 30 विधानसभा सीटों वाले राज्य पुडुचेरी में 2016 में कांग्रेस जीती थी और दिल्ली में अहमद पटेल के बहुत करीबी रहे वी नारायणसामी को मुख्यमंत्री बनाया गया था.


**पंजाब नैशनल बैंक** punjab national bank

**न्यू मार्केट शाखा**
भोपाल, फोन : 0755-2573653
ईमेल: bo1276@pnb.bank.in

**आधिपत्य सूचना ( स्थावर संपत्ति ) [ परिशिष्ट -IV के अन्तर्गत नियम-8 ( 1 ) ]**

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13 (12) नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **पंजाब नेशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/ जमानतदारों को डिमांड नोटिस **दिनांक 01/02/2025** एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया था। उधारकर्ता राशि चुकाने में असफल रहा है, उधारकर्ता एवं जमानतदार/संपत्ति मालिक द्वारा उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा13 की उपधारा 4 के नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा **दिनांक 04/04/2026** को ले लिया है। उधारकर्ता एवं जमानतदार / संपत्ति मालिक को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **पंजाब नेशनल बैंक** के अधीन होगा। उधारकर्ताओं / जमानतदार / बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) में निहित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के प्रावधान की ओर आमंत्रित है।

| ऋणी /उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम | कब्जा की गई सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| **श्री सुखदेव राज अथोत्रा पुत्र श्री हीरानंद प्रोपराइटर, मेसर्स कैपिटल ऑटो इलेक्ट्रिक वर्क्स** पता : क्वार्टर नं. 5 और 6, प्लॉट नं. 5, हमीदिया रोड, वार्ड नंबर 5, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462001 | बंधक संपत्ति क्वार्टर नं. 5 और 6, प्लाट नं.5, हमीदिया रोड, वार्ड नं. 5, भोपाल, म.प्र. 462001, क्षेत्रफल : 1536 वर्ग फुट, सीमाऐं : पूर्व- खुला, पश्चिम- क्वार्टर नं. 4 और फिर खुला, उत्तर- श्री तसद्दुक हुसैन का प्लाट, दक्षिण- खुला, संपत्ति मालिक : श्री सुखदेव राज पुत्र हीरानंद | ₹ 7,79,923.39 + दिनांक 31.01.2025 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च<br>नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक<br>01-02-2025<br>04-04-2026 |

**वैधानिक सूचना:** ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित **(Noticed)** किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद शेष ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 04/04/2026, स्थान: भोपाल

**प्राधिकृत अधिकारी**, पंजाब नैशनल बैंक



**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा**

क्रमांक/1597 to 1599,1601/PWD/2026 विदिशा, दिनांक 02/04/2026

**:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्र | ई-टेन्डर न. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1597 | 2026_UAD_497498_1 | Supply of different type vehicle Dumper, Tipper, Trucks, Tractor, Bollero, xyclo genuine spare parts and general material year 2026-27 | I Call | 1500000.00 | 15000.00 | 2000.00 | 12 Month | 20/04/2026 |
| 2 | 1598 | 2026_UAD_497562_1 | Various vehicle Welding writing and colour work financial year 2026-27 | I Call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 20/04/2026 |
| 3 | 1599 | 2026_UAD_497565_1 | Supply of Tire and Tubes all Vehicles year 2026-27 | I Call | 1000000.00 | 10000.00 | 2000.00 | 12 Month | 20/04/2026 |
| 4 | 1601 | 2026_UAD_497202_1 | Construction work of water profing of roof at ward no 27 govt. school police line vidisha | I Call | 132712.00 | 2654.00 | 1000.00 | 03 Month | 20/04/2026 |

नोट :- प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,विदिशा**